HHR17-2-3-HI

श्रृंखला २: न्याय और क्लेश के मुख्य किरदार - कार्यक्रम 3

उद्घोषक : आज लगभग आधा मसीही समाज यह विश्वास करता है कि उन के जीवन काल में ही मसीह का दोबारा आगमन हो जाएगा । प्रकाशितवाक्य की पुस्तक कलीसिया के लिए मसीह यीशु के अंतिम वचनों को समाविष्ट करती है । वह भयानक घटनाओं की चेतावनी देते हैं जो विपत्ति के दौरान पृथ्वी पर आएंगे, शैतान का क्या होगा, मसीही विरोधी का क्या होगा, और सभी जो झूठे धर्म का पालन करते हैं । वे बताते हैं कि अर्मगेदोन कि लड़ाई के दौरान क्या होगा, पृथ्वी पर दोबारा आगमन के दौरान, हजार वर्ष के राज्य, अंतिम न्याय, साथ ही वर्णित करते हैं कि परमेश्वर ने अपने लोगों के निमित अनंत काल के लिए क्या योजना बनाई है। इस श्रंखला में हम प्रकाशितवाक्य की पुस्तक के हर एक अध्याय का गहन अध्ययन करेंगे और इसमे के संदेश और परमेश्वर के इशारों को बेहतर समझने का प्रयास करेंगे।

आज हम इस श्रृंखला के दूसरे भाग्य की शुरूआत करते हैं जिसे हमने शीर्षक दिया है “न्याय और उसके मुख्य कलाकार, प्रकाशितवाक्य ७ से १३”

मेरे मेहमान हैं: डॉ एड हिंड्सन, लिबर्टी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ़ रिलीजन के डीन और धर्म के प्रतिष्ठित प्रोफेसर, और ४० से अधिक पुस्तकों के लेखक

डाँ मार्क हिचकॉक बाइबल प्रतिपादन के सहयोगी प्रोफेसर हैं डलास थियोलॉजिकल सेमिनरी मे। वे बाइबिल की भविष्यवाणी पर ३० पुस्तकों के लेखक हैं, और फेत बाइबल चर्च के वरिष्ठ पाज़बान हैं।

डॉ रॉन रोड्स भि डलास थियोलॉजिकल सेमिनरी में पढाते हैं, और रीज़निंग फॉर द स्क्रिप्चर्स मिनिस्ट्रीज़ के अध्यक्ष हैं। इन्होंने भविष्यवाणी पर लगभग ७० पुस्तकें लिखी है। आइए जुड़िए हमारे साथ जॉन एकरबर्ग शो के इस विशेष संस्करण में।

*****

एंकरबर्ग : हमारे कार्यक्रम में आपका स्वागत है। मैं हूँ जॉन एंकरबर्ग, मेरे साथ जुड़ने के लिए धन्यवाद। आज हमारे साथ तीन महान भविष्यवाणी के विद्वान हैं, डॉ एड हिंडसन, डॉ मार्क हिचकॉक, और डॉ रॉन रोड्स, जैसा कि आपने प्रस्तावना में सुना। आपने मसीह विरोधी के बारे में फिल्मों में बहुत देखा होगा और सुना भी होगा, कार्यक्रमो वगैरह मे। आपने बहुत कुछ सुना होगा झूठा भविष्यवक्ता, आर्मागेदोन, वगैरह बातों के विषय। हम उस भाग पर पहुंच रहे हैं, प्रकाशितवाक्य की पुस्तक के, जहां हम अध्ययन कर रहे हैं कि वास्तव में बाइबल इस विषय क्या कहती है, ठीक है ? और यह बहुत सारे लोगों के लिए है। उन चीज़ों में से एक जिसे वे सबसे ज्यादा जानना चाहते हैं, ***पशू / शैतान / अजगर*** का निशान क्या है? मसीह विरोधी क्या करता है ? यहूदी लोगों का क्या होगा ? इस प्रकार के तमाम प्रश्नों का उत्तर हम अभी देने जा रहे हैं ।

और हम अभी प्रकाशितवाक्य १२ में हैं, और हम एक तरह के विराम जैसे भाग में है, जहां अब तक तमाम घटनाएं हुई और एकाएक, मानो विराम लिया गया हो, और ***खिलाड़ियों / कलाकारों*** का स्कोर कार्ड हमें दिया गया हो। एड, हमें उस स्कोरकार्ड के बारे में बताएं जिसे हमने पहले बात की है, और वहाँ क्या हो रहा है।

हिंड्सन : दरअसल, मैं मानता हूं, जब यीशु यूहन्ना पर इन चीजों को प्रकट कर रहे थे वे चाहते थे कि युहन्ना समझें कि वे चिन्ह और उनके प्रतीक क्या है। वहां एक स्त्री है जो प्रतीक है इसराइल के वंश का, जिसके जरिए मसीह आए, एक नर शिशु। पर वह ***पशु / अजगर,*** शैतान, पूरी तरह अवधारित था कि वह शिशु को नाश करने का हर संभव प्रयास करेगा ताकी मसीह के आगमन को रोका जा सके, यकीनन उनके दूसरे आगमन को और संसार में उनके राज्य और शासन को भी। स्वर्गदूत मिखाइल आकाश में शैतान से युद्ध करते हैं। तो, पर्दे के पीछे

आप एक आत्मिक युद्ध को देख रहे हैं, और एक ***वस्तुगत / भौतिक*** युद्ध जो कि धरती पर हो रहा है। और फिर शैतान को थोड़े समय के लिए पृथ्वी पर फेंक दिया जाता है। वह क्रोधित है ; और अपने गुस्से को वह स्त्री के बीज के अंश पर निकालता है ; जंगल तक उनका पीछा करता है। फिर हम १३ अध्याय में आते हैं जहां समुद्र से निकलने वाले पशु की बात हो रही है, संभवतः मसीह विरोधी, और धरती से निकलने वाला एक पशु, जो आगे चलकर स्पष्ट होता है, व झूठे भविष्यवक्ता है। यह ऐसा है मानो शैतान इन दो मानवीय नेताओं का इस्तेमाल कर रहा है, एक राजनीतिक नेता और दूसरा धार्मिक नेता, कि वह अंत के दिनों में संसार को भ्रमित और भ्रष्ट कर सके ताकि संसार की अर्थव्यवस्था पर उसका कब्जा हो, एक सरकार और अंततः, पूरे विश्व मे केवल एक धर्म।

एंकरबर्ग : हाँ। और, मार्क, अभी, आप जानते हैं, बहुत सी फिल्मों मे मसीह विरोधि को कई अलग-अलग तरीकों से दिखाया जा रहा, और इसलिए इस विषय पर कई लोगों की विशेष रूचि है। आइए, हम बात करें मसीह विरोधी के विशेषताओं की, समुद्र से निकलने वाले पशुओं। वचन में उसके कई सारे अलग-अलग नाम हैं। हमें बताएं क्या होगी उसकी विशेषताएं, उसकी ताकत, और क्या होंगे उसके ***कार्य / अनुयोजन***

हिचकॉक : सर्वप्रथम वचन में हम इसका जिक्र पाते हैं, मैं मानता हूं, दानिएल ७:८ में, उसे "छोटा सींग" कहा गया है जो कि उन १० सींगो में से आता है, यह हमें पुराने रोमी साम्राज्य कि पुनर्मिलन / वापसी को दर्शाता है।

एंकरबर्ग : हां, राजनैतिक नेता।

हिचकॉक : बिल्कुल ठीक और उसे “आने वाला राजकुमार” कहा गया है दानिएल ९ में। उसे “स्व उद्घोषित राजा” कहा गया है दानिएल ९ में। २ थिस्सलुनीकियों मे उसे “पाप का पुरुष” और, “विनाश का पुत्र” कहा गया है। उसे मसीह विरोधी कहा गया है यूहन्ना की पत्री में, १ यूहन्ना में। और अंततः प्रकाशितवाक्य १३ में उसे विश्लेषित किया गया है समुद्र से निकलने वाले ***पशु / अजगर*** के रूप में।

और वह क्या करता है, वास्तव में, वह संसार का आखरी तानाशाह बनकर उभरता है, वह जो पूरे संसार पर अधिकार और शासन करने आया है। वह ***अधिकार / प्रभुत्व*** में बढ़ता जाएगा। शुरुआत में वह काफी छोटे और नगण्य रूप में सामने आएगा, क्योंकि वह शुरुआत छोटे सींग की तरह करता है। पर फिर धीरे धीरे कर वह अपने नेतृत्व और ***अधिकार / ताकत*** में बढ़ने लगेगा। वह शांति दूत बनकर आगे आएगा। और अगर आज हमारे संसार को किसी चीज की जरूरत है वह है शांति, खासकर मध्य पूर्व में। तो इसी तरह से वह अपनी ताकत को बढ़ाता जाएगा। और सात साल के मध्य बिंदु पर पहुंचने पर उसका मुखौटा बेनकाब होगा, और अब अपनी पूरी वास्तविकता में वह सामने होगा, ऐसा व्यक्ति जो पूरे संसार पर अधिकार और शासन चाहता है।

एंकरबर्ग : हां, गौरतलब है, बाइबिल हमें इसराइल के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर की बात बताती है, इस्राइल के साथ समझौता, कब मसीह विरोधी समझौते पर हस्ताक्षर करता है, ठीक है, और तब पीड़ा के काल का आरंभ होता है।

हिचकॉक : बिल्कुल सही, पीड़ा के काल का आरंभ होता है समझौते पर हस्ताक्षर के साथ, इस्राइल के देश से अनुबंधन के साथ। दानिएल ९:२७ हमें यह बताता है। फिर हमने देखा जब पीड़ा का आरंभ होता है प्रकाशितवाक्य की पुस्तक में, पहले मुहर को याद कीजिए, सफेद घोड़े पर घुड़सवार निकलता है, यह ढ़ोगी मसीहा उस दौरान ही उभर कर आता है। हम यह भी देखते हैं कि जब मसीह विरोधी आता है, वह शैतान द्वारा शक्ति प्राप्त है; शैतान अपने तमाम अधिकार और सामर्थ्य उसे देता है। पर हमें तसल्ली यह जानकर होगी, कि यह सभी कुछ परमेश्वर के प्रभुत्व के तहत ही हो रहा है। क्योंकि प्रकाशितवाक्य १३ में यह बार-बार कहा गया है, “और वह उसे दिया गया,” “और वह उसे दिया गया।” तो वह परमेश्वर हैं जिनके नियंत्रण में यह सारी घटनाएं हो रही हैं। पर वे इस व्यक्ति को उभरने दे रहे हैं, मान लीजिए परमेश्वर के विरुद्ध आखरी विद्रोह के तौर पर।जैसा किसी ने कहा है, इतिहास की शुरुआत मनुष्य के पाप से हुई थी और अंत पाप के मनुष्य से होगा।

एंकरबर्ग : रॉन, तथ्य यह है कि दानिएल भी इस बारे में बताते हैं कि जब मसीह विरोधी कुछ खास चीजें करता है, आपको पता चलेगा कि हम क्लेश के मध्य बिंदु मे हैं। और यीशू यहूदियों को सलाह दे रहे हैं उस पल के लिए, "पहाड़ की और भागो", वे किस और इशारा कर रहे हैं ?

रोड्स : वे बात कर रहे हैं उस विषय पर जिसे कहा जाता है “तबाही से घृणा।” यह एक पारिभाषिक शब्द है जो यहूदी मंदिर की अपवित्रता को दर्शाता है। अब, ऐसा इतिहास के पहले एक बार हो चुका हे जब अन्ताकियास एपिफेन्स ने मंदिर के अंदर एक सुअर कि बली चढाई थी। इससे मंदिर अपवित्र हो गया था। और मसीह विरोधी भी मंदिर को अपवित्र करेगा। वह ना केवल मंदिर में बैठेगा, बल्कि वह एक मूरत को भी मंदिर में स्थापित करवाएगा अपने सहायक द्वारा, जो झूठा भविष्यवक्ता है। अब, जब आप यह देखोगे, वही समय है यरूशलेम से तुरंत बाहर निकलने का।

एंकरबर्ग : यीशु ने क्या कहा ?

रोड्स : यीशु कहते हैं, "अपने कपड़ों को लेने के लिए भी नीचे मत जाना। प्रार्थना करो कि तुम उस समय गर्भवती ना हो, प्रार्थना करो कि वह समय ठंड का ना हो, शहर से तुरंत निकल जाओ,… "

एंकरबर्ग : निकल जाओ।

रोड्स : “ … क्योंकि हो सकता हे तुम्हारी गति जीवन और मौत के बीच के फासले को ***निर्धारित / तय*** कर दे।” देखिए, मसीह विरोधी ने इसराइल को धोखा दिया है। जानते हैं, उन्हें लग रहा था उनकी यह संधि ७ साल तक बनी रहेगी। पर पीड़ा के काल के मध्य तक पहुंचते-पहुंचते अचानक से मसीह विरोधी मंदिर में यहूदियों के बलिदान को बंद करवा देता है। और उसके ऐसा करने का एक कारण है, जोन, वह यह हे कि अब से लोगों को उसे ही परमेश्वर जान आराधना करनी होगी। अब वह किसी को भी किसी दुसरे ईश्वर कि आराधना करने या किसी अन्य धर्म के पालन की अनुमति नहीं देगा। अब से वही एकमात्र ही आराधना का ***विषय / वस्तु*** होगा।

और झूठे भविष्यवक्ता का मुख्य लक्ष्य वास्तव में वैश्विक स्तर पर मसीह विरोधी की ***पूजा को / आराधना को*** लागू करवाना है।

एंकरबर्ग : वह पशु का ***निशान / चिन्ह*** क्या है ?

हिंड्सन : देखिए, शब्द चिन्ह, जॉन, इसका अर्थ है एक टैटू तकनीकी रूप से, ग्रीक में "चारग्मा"; त्वचा में कुछ ऐसी कटौती जो निशान छोड़ दे। तो इसमें एक संख्या, एक नाम और एक प्रतीक चिन्ह को होना है। और वह संख्या जुड़कर ६६६ तक पहुंचती है जब आप उन अक्षरों को संख्यात्मक मूल्य देते हैं। यह संख्या नीरो की संख्या नहीं है जैसा कि कुछ लोगो का सुझाव हैं। आप को उसके नाम की वर्तनी को बदलना होगा ताकि उसे सही जोड़ पाए। और पूरे इतिहास भर लोग अनुमान ही लगाते रहे हैं, वह कौन है ? क्या वह शारलेमेन है? क्या वह नेपोलियन है? क्या वह हिटलर है? क्या यह व्यक्ति या वह व्यक्ति है? क्या वह वो राष्ट्रपति है जिसके लिए मैंने वोट नहीं दिया? कौन है वह ? और सच्चाई यह है कि हमे यह जानने कि ज़रूरत नही। यह अंदाजा उन लोगों को लगाना है जो पीछे छूट गए हैं, “यह मसीह विरोधी है और उसकी वर्तनी ६६६ तक जुड़ती है।”

एंकरबर्ग : मार्क, यह दुनिया की अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करने के बारे में भी कुछ कहता है। कैसे करने जा रहा है वह इसे?

हिचकॉक : देखिए, यहां हमें बताया गया है कि कोई भी कुछ भी बेच या खरीद नहीं पाएगा पशु के चिन्ह के बिना। इसीलिए, मुझे लगता है पशु का निशान, सबसे पहले और महत्वपूर्ण, मसीह विरोधी के प्रति निष्ठावान रहने का संकल्प होगा। । इतिहास में यह एक अनूठा समय होने जा रहा है, मुझे लगता है, किसी भी अन्य समय के विपरीत, जहां लोगों को एक प्रत्यक्ष चुनाव करना होगा : क्या वह यीशु की और होंगे, या फिर मसीह विरोधी की तामील करेंगे ? तो उन्हें अपने सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा लेनी होगी। और जब वे ऐसा करेंगे, वो उसके निशान को अपने दाहिने हाथ या माथे पर लेंगे। इसका अर्थ है वह उनका मालिक है। और इसके फायदे में एक

होगा कि आप खरीद-फरोख्त कर पाएंगे। यह किसी पासपोर्ट, या व्यापारिक चिन्ह की तरह होगा, आप कह सकते हैं, व्यापार में शामिल होने के लिए।

एंकरबर्ग : भोजन प्राप्ति के लिए।

हिचकॉक : हाँ, भोजन प्राप्ति के लिए। वस्तुतः यह ऐसा है, "मेरे सामने झुको या मरो," यही होगा उसका मंत्र उस दौरान। पर हम क्या देखते हैं कि वह पूरी अर्थव्यवस्था को अपने नियंत्रण में करता है। जो, सचमुच, आज हम देख सकते हैं संसार सिकुड़ रहा है। इस प्रकार की वैश्विकता को आज हम देख सकते हैं जहां वास्तव मे एक व्यक्ति पूरे संसार पर शासन कर सकता है।

एंकरबर्ग : नियंत्रित करे।

हिचकॉक : पर साथ ही हम यह भी देख रहे हैं कि कैसे वैश्विक अर्थव्यवस्था साथ जुड़ सकती है और एक व्यक्ति उस पर नियंत्रण कर सकता है। और हमें इस के हर मोड़ की विस्तृत जानकारी नहीं है, कि भविष्य में क्या होगा और किस वजह से होगा। पर हम इतना जानते हैं और बाइबिल हमें बताती है कि एक समय आएगा जब वह और उसका सहयोगी, झूठा भविष्यवक्ता, संसार की अर्थव्यवस्था का नियंत्रण करेंगे।

हिंड्सन : मेरे ध्यान को खींचने वाली एक चीज है, जॉन, और वह यह है, जिस संसार में आज हम रह रहे हैं उस पर गौर करें तो, हम परमेश्वर से आगे दौड़ते हुए मसीह के आने की तिथि को सुनियोजित नहीं कर सकते, पर : इस्राएल अपना देश हासिल कर चुका है ; मध्य-पूर्व में कलह है ; सामूहिक विनाश के हथियारों का आविष्कार हो चुका है जिससे आसानी से ये चीज़े हो सकति हैं ; और एक वैश्विक अर्थव्यवस्था पहले से मौजूद है। और यह सब मेरे लिए एक जगमग रोशनी की तरह है जो मानो इशारा कर मुझसे कह रही हो हम अंत के बहुत करीब हैं। मंच सज चुका है। कितना समय बाकी है ? केवल प्रभु ही जानते हैं। इसीलिए लोगों को जानना होगा कि जाने का समय कभी भी हो सकता है और उन्हें तैयार रहना होगा, क्योंकि वे कभी भी आ सकते हैं।

रोड्स : गौर कीजिएगा, एक और बात जो यहां पर उभर कर आती है, नकद रहित समाज की वजह से वैश्विक अर्थव्यवस्था को अपने नियंत्रण में लाना उसके लिए काफी आसान हो जाएगा। नकद रहित समाज में, हर व्यक्ति का एक खाता संख्या होगा, हर व्यापारिक प्रतिष्ठान का एक खाता संख्या होगा। और आज के हमारे व्यवस्था की वजह से, सुपर कंप्यूटर वगैरह की मदद से, वह आसानी से नियंत्रण कर सकता है कि कौन क्या खरीदे और क्या बेचे। अब, रोचक यह जानना है कि मंच इसके लिए भी तैयार हो चुका है, क्योंकि हमारा देश, सच कहें तो पूरा संसार, नकद रहित भुगतान की ओर अग्रसर हो रहा है।

एंकरबर्ग : हाँ। और मुझे लगता है हमें इस तथ्य पर भी बात करना चाहिए, यदि आप पशू के निशान को अपनाते हैं, तो यह आपको अपने परिवार के लिए भोजन खरीदने और व्यापार वगैरह करने की सहूलियत तो देगा। पर, परमेश्वर के सन्मुख इसके नतीजे भयानक हैं। परमेश्वर आपको अपनी सूची से निकाल देते हैं, ठीक है ? तो सच्चाई यह है, कि आप का नाश हो चुका है; आप मसीह विरोधी से जुड़ चुके हैं। पर वे विश्वासी जो पशु के चिन्ह को नहीं लेना चाहते, वह भोजन नहीं खरीद पाएंगे। और उन्हे फिर केवल... शायद हो सकता है वे भूखे ही मर जाएं, मूलतः, क्योंकि ऐसी कोई जगह नहीं होगी जहां वे वैसा कर पाएंगे। तो यह लोगों के लिए एक निर्णायक समय होगा फैंसले का । क्या आप इसमें कुछ जोड़ना चाहेंगे ?

हिचकॉक : देखिए, हम जानते हैं, कभी-कभी लोग सोचते हैं, “अरे मैं यीशु को बाद में स्वीकारूँगा, थोड़ा इंतजार करूंगा और यीशु को बाद में स्वीकार लूंगा।” लोग ऐसा भी कहते हैं, “भले ही मैं उठाए जाने के समय पीछे छूट जाऊं, तो भी मै तब उद्धार पा लूंगा।” सुनिए, उद्धार पाने के लिए इससे बेहतर समय पहले कभी नहीं हुआ। उठाए जाने के बाद उद्धार पाना कतई आसान नहीं होने वाला; उद्धार पाना बहुत बहुत अधिक कठिन होने वाला है। तो मुझे अभी देखने वालों से मैं विनती करूंगा, अगर आप इस कशमकश में हैं कि क्या मैं यीशु को

अपना उद्धारकर्ता स्वीकार करूं और उस क्षमा को जिसे उन्होंने अपनी क्रूस की मृत्यु से खरीदा, अपनाउं, मैं कहूंगा हां। क्योंकि यीशु को उद्धारकर्ता मानने के लिए इससे आसान समय आपको और नहीं मिल सकता।

एंकरबर्ग : ठीक है, तो अभी हमें ब्रेक लेना होगा। और जब हम वापस आएंगे हम बात करेंगे पशु के सहयोगीयों पर, मसीह विरोधी, झूठा भविष्यवक्ता, झूठा धार्मिक भविष्यवक्ता, और कैसे इसे वह सामर्थ दी गई जिसके जरिए वह संसार को भ्रमित करता है धार्मिक तौर पर, ठीक है ? हमसे जुड़े रहें, हम तुरंत वापस आते हैं।

*****

एंकरबर्ग : दोबारा स्वागत है आपका। ठीक है, हम बात कर रहे हैं डॉ एड हिंड्सन, डॉ मार्क हिचकॉक और डॉ रोंन रोड्स से। और हम बात कर रहे हैं इन मुद्दों पर, सर्वप्रथम, वह पशु, मसीह विरोधी, जिसके विषय अलग-अलग नामो से पूरे बाइबिल में बात की गई है, और अब यह इस पीड़ा काल के दृश्य में है। और हम बात कर रहे हैं कि वह यहूदियों को सताने के लिए क्या क्या कर रहा है, उसने यहूदियों के साथ अपनी संधि को तोड़ा जिस पर उसने पहले हस्ताक्षर किए थे, तब पीड़ा के काल का आरंभ हुआ। ऐड ने हमें बताया। तथ्य यह है, उसे एक सहयोगी मिलता है, झूठे भविष्यवक्ता। फिर दूसरा तथ्य है की ३ ***जन*** क्यों है ? पहला अजगर जो कि शैतान है, दूसरा पशु जो मसीह विरोधी है; और फिर झूठा भविष्यवक्ता। यह तीन क्यों है ?

हिंड्सन : देखिए, हम ऐसा कह सकते हैं यह एक अपवित्र त्रिएकतत्व है। पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा के विरुद्ध, अजग,र पशु और झूठा भविष्यवक्ता, एकजुट हो रहे हैं। झूठा भविष्यवक्ता एक धार्मिक अगुआ है। वह मेमने की तरह दिखता है, पर पेश आता है अजगर की तरह ; धार्मिक दिखता है, पर बात करता है शैतान की तरह क्योंकि वह स्वयं शैतान द्वारा सशक्ति किया गया है। तो ऐसे, पर्दे के पीछे शैतान मसीह विरोधी, झूठे राजनीतिक नेता और झूठे धार्मिक नेता का उपयोग करता है जो अब संसार को झांसा दे रहे हैं।

अब, लोग चाहे तो पूरा दिन इस पर वाद-विवाद कर सकते हैं कि कौन होगा वह झूठा भविष्यवक्ता। गौर कीजिए, अगर उठाया जाना हो चुका है, कोई भी धार्मिक व्यक्ति अगर पीछे छूट गया है तो उसका उद्धार नहीं हुआ है, वह छुड़ाया नहीं गया है। और वह कोई भी हो सकता है। वह एक प्रेस्बिटेरियन, मेथोडिस्ट, एक कैथोलिक, एक पेन्टेकॉस्टल, बैप्टिस्ट, कोइ भी हो सकता है। वह वास्तव में यीशु का विश्वास ही नहीं है, वह धार्मिक दिखता जरूर है। पर वह एक ढोंगी है जो उन्ही धोखा देने वाले और झूठे भविष्यवक्ताओं के कुटुंब से आता है जिन्हें हम इतिहास भर में देख सकते हैं।

एंकरबर्ग : आध्यात्मिक छलावा, रॉन, हमारे संसार में हम इसे बड़े पैमाने पर देख सकते हैं। और आप समझ सकते हैं कि वह झूठा भविष्यवक्ता, जैसा उसके विषय वचन में कहा गया है, करता है, तो लोगों को उसके पीछे जाने में कोई संदेह नहीं होगा।

रोड्स : देखिए ,मुझे लगता है झूठे भविष्यवक्ताओं की बहुतायत झूठे भविष्यवक्ता के आने के मंच को तैयार कर रही है। इतना अधिक छल पहले कभी नहीं देखा गया। और वह झूठे भविष्यवक्ता जिन्हें आज हम देखते हैं, मैं मानता हूं उसका उदाहरण है जिनके जिन्हें यूहन्ना “मसीह विरोधी” कहते हैं।

एंकरबर्ग : छोटे मसीह विरोधी।

रोड्स : छोटे मसीह विरोधी। या यूं कहें वे मसीह विरोधी की आत्मा से प्रोत्साहित हुए लोग हैं। मूलतः उनके विचार भ्रामक हैं, परमेश्वर के प्रति, यीशु मसीह के प्रति, सुसमाचार के प्रति, और मूल मसीही सिद्धांतों के प्रति। और क्योंकि आपके पास बहुत सारे धार्मिक विकल्प है इस विशालकाय धार्मिक कैफेटेरिया में, यहां कई ऐसे लोग हैं जिनका रवैया सबके विलय की है, आम विचार को ढूंढने की, और आजकल का चलन हो गया है यह कहना, “देखिए, मैं धार्मिक व्यक्ति तो रहना चाहता हूं पर किसी एक खास मत मे मेरी कोई धारणा नहीं है।”

देखिए, मैं आपको बताना चाहूंगा मैं इन सांप्रदायिक अगुवों से मिला हूं ; मैं उनके सम्मेलनों में गया हूं। मैं बात कर रहा हूं विक्कैन कॉन्फ्रेंस, न्यू एज कॉन्फ्रेंस जैसे सम्मेलनों की। और, जॉन, आपको चमत्कार दिखता है, चमत्कारिक घटनाओं को आप देख सकते हैं। अब, मैं मानता हूं कि यह नकली चमत्कार है। पर जो लोग इसे वहां देखते हैं, कहते हैं, “वाह, ***<u>इसने मुझे प्रभावित किया है / मैंने इसमें सच्चाई को देखा है</u>***। यह तो सच ही है।” अब, इन परिस्थितियों में, जब झूठा भविष्यवक्ता पीड़ा के काल के दौरान सामने आएगा, और स्वर्ग से आग उतारने जैसा कुछ करेगा आप यकीन करें, कई लोग उसे देख कहेंगे , “यही तो सत्य है ; और मैं इसमें भागी होना चाहता हूं ....”

एंकरबर्ग : हाँ।

रोड्स : “...इसमें ऐसा कुछ है जिस पर मैं विश्वास रखता हूं।”

एंकरबर्ग : अगर आप सड़क पर चल कर जा रहे हैं और अचानक स्वर्ग से आग गिरती है और आगे चलने वाले पांच लोगों को भस्म कर देती है और वहां आपसे एक व्यक्ति कहता है, “मैंने ही यह किया है,” आप उसकी बात जरूर सुनना चाहेंगे।

रोड्स : यकीनन।

एंकरबर्ग : और, जानते हैं, एक और बात, यह विचार कि, “मैं आत्मिक हूं मैं हर पंथ के लिए खुले विचार रखता हूं और तुम लोग जो यह कहते हो कि केवल एक ही मार्ग है, और यीशु ने कहा - की मार्ग सत्य और जीवन मैं हूं, बिना मेरे द्वारा पिता तक कोई नहीं पहुंच सकता,” ठीक है, उन्हें यह पसंद नहीं। पर मैं हमेशा यह कहता हूं, यह एक खुले हरे मैदान में जाने जैसा है। और यह ऐसा है, मान लीजिए शिकागो में किसी जगह पर आपका एक घर है, ठीक है, कई करोड़ों लोगों में एक घर। और कोई आप से कहता है, “मैं आपके घर तक कैसे पहुंचू ?” “अरे, मैं खुले विचारों वाला व्यक्ति हूं, जो रास्ता चाहें पकड़ लीजिए, अंततः मुझ तक पहुंच जाएंगे।” सच्चाई यह है, जब

तक कि आपको मेरे घर का पता नहीं मालूम, आपके पास दिशा-निर्देश नहीं है, शिकागो में आप मेरे घर नहीं पहुंच सकते

रोड्स : बिल्कुल सही कहा।

एंकरबर्ग : और आप के लिए यह चेतावनी है। जब आप सांप्रदायिक या झूठे धर्म के अगूवों को सुनते हैं, मैंने एक बात गौर की है, जब आप उनकी किताबें पढ़ते हैं, उनकी बातें सुनते हैं, जब मैंने उन्हें कार्यक्रम में बुलाया था, वो बाइबल जो यीशु मसीह के विषय कहती है उस पर विश्वास नहीं करते।

रोड्स : आपने सही कहा। मैं भी यही कहने वाला था कि शैतान ही इन सभी ***पंथ / संप्रदायों*** के पीछे है। और वह जानता है कि कारगर क्या है। मैं अक्सर लोगों से कहता हूं शैतान बुरे विचारों का मुख्य रहनुमा है। और उसके पास सब को आकर्षित करने के लिए कुछ ना कुछ है, अलग-अलग जनसमूह के लिए, समाज के हर पहलू के लिए। और उसे इस का बहुत अच्छा अनुभव भी है। मेरे ऐसा कहने का कारण यह है क्योंकि पीड़ा के काल के दौरान वह अपने हजारों साल के अनुभव को प्रभावित और प्रोत्साहित करने में लगाएगा, ना केवल मसीह विरोधी को, पर झूठे भविष्यवक्ता को भी। उसे मालूम है क्या काम करेगा ; हजारों साल से वह पृथ्वी पर यह देखता आ रहा है। और वह लोगों को प्रभावित करने की कोशिश करेगा कि वह मसीह विरोधी का अनुकरण करें। और झूठे भविष्यवक्ता का मुख्य उद्देश्य है कि वह लोगों को मसीह विरोधी की आराधना के लिए और अधिक उकसाए / हवा दे। यही है उसका मुख्य उद्देश्य, उसका लक्ष्य

एंकरबर्ग : हां, हमें बताएं कि कैसे वह मसीह विरोधी की छवि को सशक्त करेगा। और क्या होगा अगर लोग उस छवि को नहीं स्वीकारते ?

रोड्स : देखिए , मैं चाहता हूं आप गौर करें कि परमेश्वर अपने संप्रभुत्व में यह सब कुछ होने की अनुमति दे रहे हैं। झूठे भविष्यवक्ता को परमेश्वर ने उस छवि में जान फूंकने दिया,समझ रहे हैं ना। तो, गौर कीजिए ,दोनों ही

शैतान, मसीह विरोधी, और झूठा भविष्यवक्ता, दोनो बंधे हुए हैं। वे वही कर सकते हैं जिसकी अनुमति प्रभु दें।

तो, या तो आप पशु की आराधना करेंगे या आपका जीवन मूलतः समाप्त हो चुका है।

एंकरबर्ग : बेहतर है । शायद आप में से बहुत से लोग जो अभी सुन रहे हैं, कह रहे हैं, "आप जानते हैं, मैं आत्मिक हूं, लेकिन मैं वास्तव में किसी धार्मिक पंथ में विश्वास नहीं करता। और मैं यीशु के बारे में निश्चित नहीं हूं, और यह तो कतई नहीं मानता कि परमेश्वर तक पहुंचने का वो ही एक मार्ग है।" और हो सकता है कि आपको हम पर बहुत गुस्सा आ रहा हो कि हम इस पर चर्चा कर रहे हैं। पर मैं चाहूंगा कि आप यह समझें बाइबल हमसे ऐसा कहती है। और वे यीशू ही हैं जिन्होंने यह प्रकाशन दिए। और यह वास्तविक घटनाएं हैं जो होने वाली हैं।

और, एड, आप लोगों से ऐसा क्या कह चाहेंगे जो यीशु के साथ उनके संबंध पर दोबारा विचार करने में उनकी मदद कर सके ताकि वे यिशू को अपने जीवन में आमंत्रित कर सकें और वे उनके जीवन को बदलें, उनके पापों को क्षमा करें, उनके साथ व्यक्तिगत संबंध बना पाएं और परमेश्वर कि वास्तविकता का अनुभव उन्हे हो पाए ?

हिंड्सन : देखिए मैं यह मानता हूं कि प्रकाशितवाक्य की पुस्तक वास्तव में यह स्पष्ट करती है कि अच्छे और बुरे के बीच निरंतर एक संघर्ष है, और अंततः इस पुस्तक का यह वादा है कि परमेश्वर इस संघर्ष में विजयी होंगे। प्रकाशितवाक्य के पुस्तक की बुरी खबर अविश्वासियों के लिए बुरा समाचार है। उन्होंने मसीह विरोधी से धोखा खाया ; झूठे भविष्यवक्ता ने उन्से छल किया। अच्छा समाचार उन लोगों के लिए है जो मसीह के विश्वास में आते हैं और पीड़ा के समय की शुरुआत से पहले ही स्वर्ग में उठा लिए जाते हैं, साथ ही साथ खुशखबरी उन लोगों के लिए भी है जो पीड़ा के काल के दौरान विश्वास में आते हैं। आपके लिए यह जानना आवश्यक है कि जब विश्व अंततः उस उच्चतम शिखर की ओर बढ़ रहा होगा जिससे पवित्रशास्त्र आर्मागेडन का नाम देता है, और जब वह होगा, तब आपका स्थिति क्या होगि, उस समय आप कहां होंगे ? क्या आप परमेश्वर के साथ होंगे या शैतान के ? सच्चाई के साथ या झूठे भविष्यवक्ता के साथ ?

आपको अपने हृदय को जांच कर पूछना होगा कि, "मैं वास्तव में क्या विश्वास करता हूं ? यह विश्वास मैं क्यों करता हूं ? क्या यीशु के अलावा ऐसा कोई है जो मुझसे इतना प्रेम करता हो कि मेरे पापों के लिए मृत्यु सहे ? मेरे पापों के लिए क्रूस पर बलिदान हो जाए ? कि परमेश्वर का क्रोध मेरे बजाय उन पर डाला जाए ?" यीशु के समान आपसे प्रेम करने वाला और कोई नहीं। यीशु ने जो आपके लिए किया वैसा किसी और ने नहीं किया।

उनकी तरह आपको कोई और उद्धार नहीं दे सकता। जैसे वे आप को बदल सकते हैं और कोई नहीं कर सकता। अब यह समय है कि आप उस निर्णय पर पहुंचे और कहे, “मैं इस समय यीशु को हां कहता हूं।”

एंकरबर्ग : और मित्रों, मैं आशा करता हूं कि आप यह इसी क्षण करें। ऐसा करने के आपके रास्ते में कुछ भी न आने दें ।अगर परमेश्वर अभी आपसे बात कर रहे हैं, अपने सरों को झुकाएं और उन्हें अपने जीवन में आमंत्रित करें। अपने पापों का पश्चाताप करें कहे, “प्रभु मैं अपने पापों से मन फिरता हूं और आपकी ओर आता हूं।” हो सकता है आप में अपने पापों से फिरने की शक्ति ना हो। उनसे कहे कि वे आपको सामर्थ्य दें। वे कहते हैं वे आपके भीतर को बदलेंगे। उन्हे आपके जीवन में कार्य करने दें।

अब तक हमने देखा कि एक अंतराल लिया गया और मुख्य खिलाड़ी कौन हैं। अगले हफ्ते हम बात करेंगे उन घटनाओं की जो इस पीड़ा के काल के मध्य भाग में पुनः आरंभ होंगे। यीशु ने बात की थी एक महिला की, जो प्रसव पीड़ा में है और बच्चा जनने पर है। और जब आप आखिर में पहुंचते हैं तब क्या होता है ? वक्त कम होता चला जाता है पीड़ा तीव्र होती चली जाती है। देखिए अब, न्याय की बातें, ***शीघ्र होती चली जाएंगी / जल्दी-जल्दी होंगी***। और अगर आप सोचते हैं कि वह पहले गलत थी, कटोरे के न्याय के विषय सुनने तक इंतजार करें। इस पर हम अगले हफ्ते बात करेंगे। आशा करता हूं आप हमसे दोबारा जुड़ेंगे

****

हमारे टीवी प्रोग्राम देखने के लिए मुफ्त में डाउनलोड कीजिए जॉन एन्करबर्ग ा ो एप

"घ्द्धठ्ठन्र् ग्ठ्ठदृ ठ्ठड़ड़ड्ढद्रद्य ख्ड्डद्मद्धद्म क्ण्द्धत्द्मद्य" ऋ ख्ऋद्मण्दृध्.दृद्धढ

@JAshow.org

क्दृद्रन्द्धत्ढण्द्य 2016 ऋच्ड्क्ष्